पंजीयन क्रं. 06/09/01/04737/04

# विचार मासिक पत्रिका

कुल पृष्ठ 24, वर्ष 2, अंक 15 माह - जून 2020, मूल्य - निःशुल्क

॥विचार संस्था॥
(स्थापना वर्ष 2003)

## आपके विकास को समर्पित

### विशेष :-

- आपके विकास को समर्पित
- समर्पित भाव से मदद
- मोहल्ला विकास योजना
- विचार जागरूकता रथ
- श्रमिकों को खिचड़ी वितरण
- राशन सामग्री का वितरण
- सैनिटाइजर जल व मास्क
- मीडिया कवरेज




नगर निगम कार्यालय से आयुक्त आर.पी. अहिरवार, सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया और विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया ने हरी झण्डी दिखा कर विचार कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ का शुभारंभ किया।

# पदाधिकारी



**कपिल मलैया**
संस्थापक व अध्यक्ष, मो. 9009780020
FB : @KapilMalaiyaOriginal



**सुनीता जैन**
कार्यकारी अध्यक्ष
मो. 9893800638



**आकांक्षा मलैया**
सचिव, मो. 9165422888
FB : @AkankshaMalaiyaOriginal




**विनय मलैया**
कोषाध्यक्ष, मो. 9826023692



**नितिन पटैरिया**
मुख्य संगठक, मो. 9009780042



**अखिलेश समैया**
मीडिया प्रभारी, मो. 9302556222



**हरगोविंद विश्व**
मार्गदर्शक



**राजेश सिंघई**
मार्गदर्शक



**श्रीयांश जैन**
मार्गदर्शक

**पता - विचार कार्यालय, पुरानी स्टेट बैंक बिल्डिंग, वर्णी कालोनी, सागर**

# आपके विकास को समर्पित

**कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने के लिए देशव्यापी लॉक डाउन में सबसे ज्यादा परेशानी रोज कमाकर खाने वाले को हो रही है। ऐसे में विचार संस्था के सदस्य कोरोना राहत में सागर के 48 वार्डों में दिन-रात समर्पित हैं।**


रामकृष्ण मिश्रा


अशोक खरे


देवेन्द्र वर्मा


अनुराग विश्वकर्मा


सूरज सोनी


धवल सिंह कुशवाहा


तुलसीराम दाऊ


जवाहरलाल दाऊ


बद्री सेन


अरविंद अहिरवार


राहुल अहिरवार


शिखा चौरसिया


पूजा प्रजापति

**विचार सेवक** - प्रमेन्द्र शर्मा, सुनील जादूगर, अर्चना खाद, ज्योति जैन, रजनी जैन, नीपा दिवाकर, संजय जैन प्रदूषण विभाग, सौरभ रांधेलिया, अनीता जैन, शरद मोहन दुबे, अरूण दुबे, सुरेश मिश्रा, हेमंत गांधी, राजेश अग्रवाल, प्रियंका गोदरे, पूजा पड़ेले, सुनील साहू, रामकुमार बाल्मीकि, राजकुमार रैकवार


पूजा लोधी

# समर्पित भाव से मदद करना ईश्वर की भक्ति करने जैसा : आकांक्षा मलैया

**सागर।** विचार संस्था अपना सर्वश्रेष्ठ कर रही है, संपूर्ण विश्व कोरोना महामारी से लड़ रहा है। इन हालातों में हर नागरिक का फर्ज है कि वो अपनी क्षमता अनुसार एक दूसरे की मदद करे। समर्पित भाव से मददगीरों की सेवा ईश्वर की भक्ति करने जैसे भाव कहे जाते हैं। सभी धर्मों में असहायों की मदद को ईश्वरीय कार्य करना कहा जाता है। विचार संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष श्री कपिल मलैया जी हैं जो सागर जिले के सफल व्यापारी हैं जिन्होंने सागर संभाग को व्यापार जगत में एक विशेष



स्थान दिलाने में मदद की है, पीढ़ियों से चली आ रही सम्पन्नता के बीच इनके परिवार का सामाजिक कार्यों में सदा सहयोग रहता है। कपिल मलैया जी द्वारा विचार संस्था की नींव रखने का उद्देश्य हर सामाजिक कार्यों में आगे आकर अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है। कोरोना जैसी महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक विचार संस्था राशन, मास्क और सैनिटाइजर वितरण के साथ जागरूकता अभियान के अंतर्गत एलईडी वीडियो वेन संपूर्ण नगर में चला रही है। संस्था राहगीरों को भोजन, खिचड़ी, सत्तू और शुद्ध जल, भोजन उपलब्ध कराती रही है। विचार सेवक व्यक्तिगत सुरक्षा का उतना ख्याल न रख पाने के बावजूद इस लड़ाई को जीतने में दिन-रात एक किए हुए हैं। संस्था से जुड़ी टीम के हर सदस्य को लगातार फोन आते रहते हैं, ऐसे दौर में विचार टीम से जुड़े सभी सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है, मोहल्ला समितियों से जुड़े सभी सदस्य नगर के हर हिस्सों की जानकारियां उपलब्ध कराते रहे, किस परिवार को मदद की सही दरकार है उसका चुनाव कर एक लिस्ट तैयार कर विचार की टीम किट तैयार करती फिर इन सबके बीच सभी सदस्यों को इस बात पर विशेष ध्यान करने को कहा जाता कि आपके होते हुए कोई परिवार भूखा न रह सके। विचार संस्था सहित सभी दानदाताओं के सहयोग से 2000 से अधिक राशन किट जिसमें 1 राशन किट की कीमत 450 रु. से 500 रु. तक रही साथ ही 6000 लीटर सैनिटाइजर जल जो कपिल मलैया जी द्वारा वर्ल्ड बेस्ट सैनीटाइजर के तौर पर मानी जाने वाली जेपनिस केंगेन मशीन जिसकी कीमत 4 लाख 50 हजार है उसके द्वारा बनाकर वितरित किया गया जिसकी बाजार मूल्य परलीटर 700 रुपये रहती है। इसके साथ 3005 मास्क और कोरोना से बचाव की होम्योपैथिक दवा की 184 शीशी बांटी जा चूंकि हैं। हमारे डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मचारी, समाजसेवी संगठन और मीडियाकर्मी सेवा भाव रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। पुलिस और जवान पहरा देकर लॉकडाउन के नियमों का पालन करवा रहे हैं। सफाई कर्मचारी इस मुश्किल समय में संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए लगातार सफाई बनाए हुए हैं। सरकारी अफसर चौबीसों घंटे इस वायरस पर नियंत्रण पाने और लोगों तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। लेकिन आपके हमारे सहयोग के बिना इनकी लड़ाई कमजोर पड़ सकती है और हमें ऐसा नहीं होने देना है। हमें इन सबको सम्मान देना है, हम सभी का यह परम कर्तव्य है अपने घर को वायरस से निपटने के लिए तैयार करें. बच्चों को सकारात्मक रखें और उन्हें कोरोना संक्रमण के लिए सावधानियां बताएं। कोरोना से बचाव के लिए आप अपने परिजनों, रिश्तेदारों और मित्रों को जीवनशैली से जुड़ी सावधानियों के बारे में बताएं. पड़ोसियों के साथ मिलकर कोरोना से जुड़ी आपातकालीन स्थिति की योजना बनाएं...कोरोना से संक्रमण या बीमारी की स्थिति में संपर्क करने वाले लोगों की सूची बनाएं और साथ के लोगों के साथ साझा करें। वर्तमान संकट में कोरोना महामारी सम्पूर्ण विश्व के लिए सबसे बड़ी चुनोती बनकर उभरी है, इस संकट से निपटने के लिए सामाजिक संघठनो के सहयोग का विशेष स्थान रहा है। शासन-प्रशासन द्वारा मुश्किल में फंसे लोगों की मदद में असमर्थता दिखाई जाने पर सामाजिक संगठनो द्वारा मदद के हाथ आंगे बढ़ाने पर हजारों लाखों मजबूरों की मदद हो सकी है। सामाजिक संगठनों के अलावा निजी हाथों से की गई मदद मानव सेवा से जुड़े अच्छे कार्यों के लिए सदा याद की जाती रहेगी। विचार संस्था की नींव आज से 17 वर्ष पहले रखी गई जिसका उद्देश्य सागर नगर का समुचित विकास करना है, संक्षेप में जानने पर विचार संस्था अब तक मोहल्ला विकास योजनांतर्गत 125 मोहल्ला परिवारों पर उनकी खुशहाली और जागरूकता बढ़ाने का काम कर रही है। इन घरों के एक समूह को एक मोहल्ले का नाम दिया गया है। इन घरों की जिम्मेदारी 11 सदस्यों की टीम लेती है। टीम में एक पुरुष/महिला को समन्यवक बनाया जाता है। शेष 10 लोगों को पालक बनाया जाता है। जिसमें प्रत्येक पालक को 10 परिवारों की जिम्मेदारी दी जाती है। इस तरह से 10 पालक मिलकर मोहल्ला के क्रम से बने हुए 100 परिवारों की जिम्मेदारी लेकर उनकी खुशहाली और जागरूकता पर कार्य करते हैं। संस्था द्वारा सागर नगर में 33 वार्डो, केंट क्षेत्र के 3 वार्डो, नगर पालिका मकरोनिया क्षेत्र के 4 बार्डो तथा शहर से लगे हुए ग्रामीण क्षेत्र जिसमें लगभग 20 गांवों में इसी तरह के जनहितैषी कार्य किये जा रहे हैं। संस्था द्वारा चरणबद्ध तरीके से खुशहाली जागरूकता अंतर्गत स्वच्क्षता कैलेंडर जिससे 18 प्रकार की बीमारियों को घर से सुरक्षित रखने के उपाय बताये

जाते हैं। स्वच्छता के तहत घर पर दो-दो डस्टबिन रखकर सूखे गीले कचड़े को पृथक रखना सिखाया जाता है। घर के पुराने मिट्टी के बर्तनों में जैविक खाद बनवाई जाती है, घरों में बनाई जा रही जैविक खाद के उपयोग हेतु उच्च क्वालिटी के सब्जी के बीज संस्था द्वारा मोहल्ला परिवारों को दिए जाते हैं। किचिन, रूम, बैठक रूम, बाथरूम, घर आंगन को व्यवस्थित व स्वच्छ रखने के तरीके सिखाये जाते हैं। घर में उपयोग होने वाली कच्ची सब्जी के छिलकों से एंजाइम बनाने की विधि सिखाई जाती है जो कि टॉयलेट क्लीनर, फिनायल से लेकर बालों में शैम्पू की जगह इस्तेमाल की जा सकती है। महिलाओं के लिए माहमारी टाइम पर सही सैनिटरी पेड के इस्तेमाल सहित उन पैडों को संस्था द्वारा पैसे लगाकर महिलाओं को कम कीमत पर उपलब्ध कराये जाते हैं। आत्मनिर्भर बनाने हेतु निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया गया है। समर केम्प लगाए जाते हैं जिसमें चित्रकला, हस्तकला सिखाने के साथ स्वास्थ्य चेकअप कराया जाता हैं। नवचेतना और बाल चेतना योग के माध्यम से उनके स्वास्थ्य और शिक्षा में एकाग्रता बनी रहने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। संस्था द्वारा जनता हाई स्कूल के सहयोग से बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया गया है। बच्चों को कैरियर गाइडलाइंस देने के लिए 4 स्कूलों जिसमें इमानुअल स्कूल, मकरोनिया शासकीय हाई स्कूल, काकागंज शासकीय हाई स्कूल, सुभाषनगर पगारा रोड स्थित हाई स्कूल में बच्चों के भविष्य और कैरियर बनाने के टिप्स सिखाये जाते हैं, जरूरतमंद छात्र-छात्राओं की पढ़ाई हेतु आवश्यक स्टेशनरी उपलब्ध कराई जाती है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को निशुल्क कोचिंग दी गई है। नेकी का घर, के द्वारा जिसके पास जो अतिरिक्त वस्तुऐं है वो दे जाते हैं व जरूरतमंद उसे ले जाते हैं। रविवार को छोड़कर हफ्ते में 6 दिन, सुबह 11 बजे से 1 बजे तक निशुल्क जांच व दवा वितरित की जाती रही है। खेती से जुड़े किसान भाइयों को जैविक खेती के टिप्स व गौ पालन के तरीके सिखाये गए हैं। विद्या दान महादान की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए विचार संस्था द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों का संग्राहालय बनाया गया है जिसमें उपयोग की पुस्तकें ले जाते हैं और जिसके उपयोग की नहीं रह जाती हैं उन्हें रख जाते हैं। विचार संस्था द्वारा बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से हथकरघा प्रशिक्षण केंद्र खोला गया जिसमें प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। महिला आत्म रक्षा निशुल्क शिविर के अंतर्गत, जनता कन्या शाला परकोटा, में महिलाओं को निशुल्क आत्म रक्षा प्रशिक्षण दिए गए हैं। रोजगार के उद्देश्य से महिलाओं को सिलाई कड़ाई का प्रशिक्षण कराया गया है। कूडो कराटे का निशुल्क प्रशिक्षण के द्वारा महिलाओं को आत्म रक्षा के गुण सिखाये जाते हैं। संस्था द्वारा संचालित शव वाहन, चौबीसों घण्टे अस्पताल से 30 किलोमीटर तक निशुल्क सेवा प्रदान करता रहा है। संस्था द्वारा प्रकृति के प्रति जागरूकता और लगाव बढ़ाने के उद्देश्य से राजघाट के पास कैचमेंट एरिया में 1 लाख 11 हजार सीटबॉल मोहल्ला परिवारों से बनवाकर रोपित करवाई गई है। मंगलगिरी स्थान पर 7500 वृक्षों को लगाया गया है, साथ ही प्रत्येक मोहल्ले में 10-10 फलदार वृक्षों को रोपित किया गया है। यह सब कार्य संस्था मोहल्ला टीम के अलावा विभिन्न सामाजिक संघठनो को साथ लेकर संचालित किया गया है। वृक्षों को रोपित करने का कार्य विचार संस्था की प्रशिक्षित वॉलंटियर टीम द्वारा चिन्हित मोहल्लों में किया जाता है। विचार संस्था विभिन्न माध्यमों से अभी तक 2 लाख से अधिक बृक्ष लगाने में सफल हो चुकी है। सागर का नाम विश्व पटल पर रखने के लिए तिरंगा मानव श्रृंखला का सपना सजोया गया जिसे मूल रूप देने के लिए 3 महीने कठोर परिश्रम उपरांत 17.5 किलोमीटर लंबी, विचार तिरंगा मानव श्रृंखला यात्रा, जो करीब 17 हजार मीटर एवं 56561 फुट लंबी थी, इस दिन 31000 से ज्यादा स्ययंसेवकों ने तिरंगा मानव श्रृंखला के तिरंगे को अपने हाथों में थामा, इसमें 34 सब स्टेशन बने। प्रत्येक स्टेशन, एक स्वयंसेवी संस्था को सौंपी गई। इस आयोजन में स्वच्छ भारत, स्वच्छ सागर, वा सिंगल यूज़ प्लास्टिक बंदी को भी नगर सुधार की दृष्टि से प्रमुखता के साथ प्रचारित किया गया। प्रत्येक स्टेशन पर शासकीय/अर्धशासकीय एवं स्वयंसेवी संस्था के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ हाई स्कूल/कालेज के विद्यार्थियों का सहयोग रहा। विचार संस्था एवं मेरी शान तिरंगा जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में विश्व की सबसे लंबी 17.5 किलोमीटर की तिरंगा मानव श्रृंखला ने शहर की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रभक्त नगर के रूप में दी यह विश्वरिकार्ड वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन में दर्ज हुआ। विचार संस्था ने 'सुंदर गांव - समझदार गांव' योजना की शुरूआत की है। इस योजना के अंतर्गत गांव वालों को समझाईस देते नशा मुक्ति का पाठ पढ़ाया जाता है जिसमे बताया जाता है कि राष्ट्र तभी उन्नति कर सकेगा जब हर व्यक्ति नशीले पदार्थों का सेवन बंद कर दे, युवाओं में नशे का प्रचलन अधिक है और युवा ही देश का भविष्य है इसलिए युवाओं को समझाइस दी जाती है कि नशा जहर है, नशा करने वाला व्यक्ति अपना मान सम्मान खो देता है। वह निरंतर अपने परिवार से झगड़ता रहता है जिससे पारिवारिक शांति भंग होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का जीवन कभी भी खुशहाल नहीं होता है और न ही उसके पास धन होता है। नशे की लत बहुत ही बुरी है अतः नशा त्यागने का संकल्प लिया जाता है, विचार संस्था की इस पहल पर कई गाँवों ने सहमति जताई है। गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता पर्यावरण इन सभी विषयों पर कार्य करने के लिए व्यवस्थित इकाइयां बनाने के निर्णय लिए गए हैं। हमारा, आपका, हम सबका संकल्प ही विचार संस्था है जो एकसूत्र में बंधकर बुंदेलखंड के समुचित विकास के लिये दृण संकल्पित है। यह समस्त बुंदेलखंड का संकल्प है जिसे हम सबको मिलकर पूरा करना है। हम बढेगें, लड़ेंगे और हम सबके बुंदेलखंड को सबसे बड़ी उचाईयों में विद्यमान करेगें, यह हम हमारा प्रण है आप सबका प्रण है। यह हम सब बुंदेलखंडवासियों का प्रण है।

# सागर सुधार - सागर विकास

## मोहल्ला विकास योजना

**1. लक्ष्य :** बुंदेलखंड का सुनियोजित विकास।

**2. उद्देश्य :**

- नागरिकों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ाना।
- लोगों की सोचने की क्षमता बढ़ाना।
- उन्हें अपने जीवन के निर्णय विकास की दृष्टि से लेने को प्रेरित करना।
- आवश्यक विषयों पर जागरूकता लेकर लोगों के जीवन स्तर में सुधर लाना।

**3. नए मोहल्लों में योजना की शुरुआत :**

इसमें 100 घरों के एक समूह को एक मोहल्ले का नाम दिया गया है। इन 100 घरों की जिम्मेदारी कम से कम 11 सदस्यों की टीम लेती है। टीम में एक पुरूष/महिला को समन्वयक बनाया जाता है शेष 10 लोगों को पालक बनाया जाता है जिसमें प्रत्येक पालक को 10 परिवारों की जिम्मेदारी दी जाती हैं, इस तरह से 10 पालक मिलकर मोहल्ला के क्रम से बने हुए 100 परिवारों को चिन्हित कर कार्य करते ।

**▶ कार्य कब व कैसे किया जाता है :**

इस योजना में माह में होने वाले प्रत्येक रविवार को सिर्फ 30 मिनिट से 1.30 घंटे की गतिविधि कराई जाती है। गतिविधि का समय, पालक अपने हिसाब से तय करते है।

**नोट :** किसी भी तरह की गतिविधि के दौरान किसी भी व्यक्ति की बुराई नहीं की जाती न ही किसी तरह का आश्वासन दिया जाता है योजना से हटकर यदि किसी की कोई समस्या है तो उस समस्या से संबंधित दस्तावेजों को एकत्र कर विचार संस्था कार्यालय भेजा जाता है कार्यालय से समस्या को संबंधित विभाग भेजा जाता है।

**4. गतिविधियां :**

▶ सर्वप्रथम हमारे पालकों द्वारा परिवार परिचय के 10-10 फॉर्म को भरवाया जाता है इसके साथ ही स्वच्छता पर आधारित 10 सूत्रीय कैलेण्डर को सभी घरों में महत्व समझाकर लगवाया जाता है तथा बार बार उस कैलेण्डर पर प्रकाश डलवाया जाता है।

▶ उन 10 परिवारों के छोटे-छोटे बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं एवं भारत के नक्शा व राज्यों की जानकारी दी जाती है

▶ युवक-युवतियों को रक्तदान के महत्व व योग ध्यान से जोड़ा जाता है।

▶ 10 वर्ष से 50 वर्ष तक की महिलाओं को माहवारी का महत्व बताकर प्रथम बार फ्री सैनेटरी पेड सभी को वितरित किये जाते है इसके बाद आगे उपयोग करने के लिए विचार कार्यालय से 6 रू. पैकेट के हिसाब से बैचे जाते है जिसमें 3 पीस होते है मतलब 2 रू. का 1 पीस जबकि विचार संस्था को 1 पैकेट की कीमत 8.25 पैसे पड़ती है शेष 2.25 पैसे का वहन संस्था द्वारा किया जाता है। गैरतलब बात यह है कि बाजार में मिलने वाले अन्य सैनेटरी पेड जो लगभग 25 से 30 रू. के होते है जबकि दोनों पेड की क्वालिटी लगभग समान होती है।

## 5. आयोजन :

▶ प्रत्येक वर्ष विचार गणतंत्र महोत्सव व विचार स्वतंत्रता महोत्सव के माध्यम से अगली व पिछली मोहल्ला की टीमों को एक मंच पर लाया जाता है।

▶ दिनांक 8 मार्च 2019 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में क्लस्टर बनाकर 7 स्थानों पर बालिकाओं व महिलाओं को वक्ताओं के माध्यम से आत्मरक्षा की टिप्स दी गई।

▶ सहायक, समन्वयक, पालक में मेल- मिलाव के लिए समय समय पर पालक सम्मेलन का आयोजन।

▶ मंगलगिरि परिसर में 5000 पौधो का पौधारोपण।

▶ राजघाट कैच मेन्ट एरिया में एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह सीड बालों का रोपण।

▶ मंगलगिरि में रोपित 5000 पौधो के साथ वृक्षाबन्धन कार्यक्रम का आयोजन।

▶ 19 जनवरी 2020 को 17 किमी. लंबी विचार तिरंगा मानव श्रृंखला बनाकर विश्व रिकार्ड बनाया।

## 6. सुविधाएं :

▶ **नेकी का घर :** जिसके पास जो अतिरिक्त है वो दे जाते है व जरूरतमंद उसे ले जाते है।

▶ **निशुल्क डॉक्टरी जॉच :** रविवार को छोड़कर हफ्ते में 6 दिन सुबह 11 से 1 बजे तक निशुल्क जांच व दवा वितरण किया जाता है।

▶ **कम्प्यूटर शिक्षा :** बालिकाओं व महिलाओं को 15 दिवस का बेसिक नॉलेज की निशुल्क शिक्षा।

▶ **प्राकृतिक खेती एवं गौ सेवा :** खेती से जुड़े किसान भाईयों को जैविक खेती के टिप्स व गौ-पालन के तरीके सिखाए जाते है।

▶ **शववाहन :** संस्था द्वारा संचालित शववाहन जो कि 24*7 दिन अस्पताल से 30 किलोमीटर तक उनके घर तक निशुल्क सेवाएं प्रदान करना है जो कुछ देने में सक्षम उनसे भी सिर्फ फ्यूल चार्ज ही लिया जाता है।

▶ **पुस्तकालय व वाचनालय :** जैसा कि हम सभी जानते हैं कि विद्या दान महादान है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए विचार संस्था द्वारा विभिन्न पाठ्य पुस्तकों का संग्रहालय बनाया गया जिसमें लोग उपयोग की पुस्तकें ले जाते हैं तथा जो उन के उपयोग की नहीं है वह रख जाते हैं।

▶ **हथकरघा प्रशिक्षण केंद्र :** 12 करघा मशीनों पर निःशुल्क हथकरघा का प्रशिक्षण दिया जाता है।

# विचार वीडियो वेन कोरोना संक्रमण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे रोकथाम के प्रयास प्रशंसनीय : कपिल मलैया




**सागर।** विश्व में फैली महामारी नोवल कोरोना वाइरस (कोविड-19)के संक्रमण से रोकथाम/नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले में सागर नगर निगम कार्यालय से निगम आयुक्त आर पी अहिरवार, सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया और विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया ने हरी झण्डी दिखा कर विचार कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ का शुभारंभ किया। कोरोना वायरस को हराने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। कोरोना वायरस की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी को जागरूक होना पड़ेगा, तभी लड़ाई जीती जा सकती है। यह बात निगम आयुक्त ने निगम कार्यलय से कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ का शुभारंभ करते हुए की।

रथ का शुभारंभ करते हुए कपिल मलैया ने कहा की कोरोना वायरस संक्रमण ऐसी बीमारी है जिसको केवल सभी की जागरूकता जैसे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, समय-समय पर हाथ धोना, मुंह पर मास्क लगाना एवं सेनेटाइजेशन आदि के माध्यम से दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मास्क एवं सैनिटाइजर का हमेशा उपयोग करना होगा और सोशल डिस्टेंसिंग बनाना होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे रोकथाम के प्रयास सराहनीय व प्रशंसनीय है। ये प्रयास आपके स्वास्थ्य की दृष्टि से अति आवश्यक हैं, केवल आप लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया ने कहा कि सागर जिला प्रशासन की मुख्यमंत्री ने समीक्षा



बैठक में भी प्रशंसा की थी। सभी सागर वासियों को जिला प्रशासन का साथ देकर कुछ दिनों के लिए शासन-प्रशासन द्वारा बनाए नियमों का पालन करना चाहिये।

विचार संस्था सचिव आकांक्षा मलैया ने कहा कि पुलिस कर्मचारी भी इस लड़ाई में विनम्रता पूर्वक कार्य कर रहे हैं, केवल आप लोगों के सहयोग की आवश्यकता है। मुख्य सहायक अखिलेश समैया ने कोरोना संक्रमण जागरूकता रथ के महत्व को बताते हुए कहा कि इस रथ से वीडियो एवम एनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जायेगा एवं इसके साथ ही जागरूक रथ जो पूरे शहर में प्रचार प्रसार करके लोगों को जागरूक करेगा।

इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत, राम मिश्रा, अशोक खरे, राहुल अहिरवार, जवाहर दाऊ, बद्री, शिखा, पूजा सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित विचार सेवक मौजूद थे।










कोरोना से बचाव ही सुरक्षा है, सोशल डिस्टेंस बनाकर सुरक्षित रहें


विचार संस्था की अपील








कोरोना से बचाव ही सुरक्षा है, सोशल डिस्टेंस बनाकर सुरक्षित रहें




कोरोना से बचाव ही सुरक्षा है, सोशल डिस्टेंस बनाकर सुरक्षित रहें
विचार संस्था की अपील





# विचार संस्था ने श्रमिकों व राहगीरों को खिचड़ी, भोजन व फल का वितरण किया

**सागर।** विचार संस्था की पहल व सहयोग से 13 मई से बहेरिया फोन लाइन चौराहे के पास विचार सेवकों के द्वारा अपने गंतव्य पर निकल रहे श्रमिकों, राहगीरों, पथिकों हेतु खिचड़ी, भोजन, फल व बच्चों के लिए सत्तु का वितरण आरंभ किया गया। विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया ने कहा कि यह लंगर अब लॉकडाउन के दौरान चालू रहेगा जिसमें विचार संस्था की मोहल्ला समिति से सहायक, समन्वयक व पालक परिवार सहित विचार सेवक अपना योगदान देंगे। इस पुनीत कार्य में देवेन्द्र वर्मा, सुनील जादूगर, वीरेन्द्र लारिया, मनीलाल लारिया, सतीश, राकेश, लालू, अभिषेक, अजय गढ़पहरा, बद्री सेन, जवाहर दाऊ के साथ विचार गढ़पहरा टीम शामिल रही।









# विचार संस्था ने 1902 परिवारों को राशन की सामग्री वितरित की

**सागर।** विचार संस्था द्वारा जरूरतमंद परिवारों को गेंहू, चावल, दाल, तेल, नमक, हल्दी, मिर्च, धना आदि कराने का जरूरत का सामान 2 जून तक 1902 परिवारों को वितरित किया है। इस नेक कार्य में सहयोगी सदस्यों में कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत, सचिव कु. आकांक्षा मलैया, मुख्य संगठक नितिन पटैरिया, सहायक अनुराग विश्वकर्मा, धवल कुशवाहा, समन्वयक देवेन्द्र वर्मा, तुलसीराम दाऊ, वालंटियर जवाहर दाऊ, बद्री सेन, अरविंद अहिरवार, राजकुमार रैकवार आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

**दिनांक - 1-2 मई**





तहसीली, कृष्णगंज वार्ड, कांच मंदिर, बड़ा बाजार, वल्लभ नगर, विजय टाकीज, इतवारी वार्ड, सिंधी कैंप, संत रविदास वार्ड, मकरोनिया, अहमद नगर, गल्ला मंडी, खुशीपुरा, करीला, भूतेश्वर, उदासी मोहल्ला, लिंक रोड आदि मोहल्लों में जाकर 102 परिवारों को राशन किट वितरित की।

## दिनांक - 3-9 मई

# लाकडाउन के दौरान जरूरतमंदों को वितरित की गई राशन सामग्री













केशवगंज वार्ड, गुरूगोविंद सिंह वार्ड, सिंधी कैंप, शास्त्री वार्ड सदर आदि मोहल्लों में जाकर 67 परिवारों को राशन किट व 320 लीटर सैनेटाइजर जल, 1450 मास्क वितरित किए।

दिनांक - 10-31 मई

# लाकडाउन के दौरान जरूरतमंदों को वितरित की गई राशन सामग्री







किलाकोठी के पास, एसपी बंगला के सामने, साबूलाल मार्केट, बरियाघाट वार्ड, पुरानी सदर, बालक काम्पलेक्स, तिलकगंज वार्ड, भाग्योदय नगर संत रविदास वार्ड आदि मोहल्लों में जाकर 101 परिवारों को राशन किट व 1603 लीटर सैनेटाइजर जल, 1020 मास्क वितरित किए।







# विचार संस्था ने 5079 लीटर सैनिटाइजर जल और 3005 मास्क वितरित किए

**सागर।** विचार संस्था नगरवासियों की सुरक्षा के लिए अपने अथक प्रयास जारी रखे हुए है। विचार संस्था सैनिटाइजर जल का निर्माण कर मोहल्लों, वार्डों में जाकर घर-घर वितरित कर रही है। सैनिटाइजर जल का निर्माण संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया द्वारा किया जा रहा है। यह वर्ल्ड वेस्ट सैनिटाइजर है जो जापान की कंपनी एनिजिक की मशीन है, जिसकी कीमत 4 लाख 50 हजार है, इसका नाम केंगीन वाटर है। इसमें से 2.5 पी.एच. वाटर निकलता है, जिसमें कोई भी बैक्टीरिया, वायरल या जीवाणु, सर्वाइज नही कर पाता है। विचार संस्था 1 जून तक 5079 लीटर सैनिटाइजर जल व 3005 मास्क का वितरण कर चुकी है।











## विचार संस्था द्वारा रोपित सीड बाल से उगने लगे पौधे

# पेड़ लगाकर प्रकृति से मिलने वाली आक्सीजन का ऋृण चुकाएं : कपिल मलैया

**सागर।** विचार संस्था द्वारा राजघाट कैचमेंट एरिया में सीड बाल रोपण के महाअभियान के तहत एक लाख ग्यारह  हजार एक सौ ग्यारह  सीड बाल का का रोपण एक साल पहले 23 जून 2019 को किया गया था। अब वह सीड बाल पौधों के रूप में विकसित होने लगे हैं। प्रसन्नता के इस अवसर पर विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया जी ने विभिन्न संस्थाओं व कार्यकर्ताओं को बधाई दी। साथ ही उनका कहना है कि एक मनुष्य एक दिन में लगभग 550 लीटर आक्सीजन ग्रहण करता है और एक लीटर आक्सीजन का मार्केट मूल्य लगभग 16 से 20 रुपए आता है तो देखा जाए प्रकृति व पेड़ पौधों से हम 21 से 22 हजार रूपए की आक्सीजन में दिनभर में निश्शुल्क ग्रहण करते हैं तो हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि हम प्रकृति में पेड़ पौधे लगाकर निश्शुल्क मिलने वाली आक्सीजन का ऋृण चुकाएं। इसी सोच के तहत हमने यह सीड बाल रोपित करने का महाअभियान आयोजित किया था। जिसमें शहर के 12500 लोगों ने 100-200 सीड बाल रोपित करके अपने परिवार को मिलने वाली प्राण वायु के उत्पादन में अपना सहयोग प्रदान किया था।

















# मई माह के दानदाताओं की सूची



इंजी. महेश कुमार जैन जी
राशि - 1100/-



श्री कार्तिक पटेल जी
राशि - 30,000/-



डॉ. मनोज चौरसिया जी
राशि - 2100/-



बेबी हिमांशी हिमांगी
D/o अजय अंशु चौकसे
राशि - 1300/-




बेबी मोही
D/o हर्षिता विजय राजपूत
राशि - 650/-



मास्टर आरव
S/o शिखा अभिषेक केशरवानी
राशि - 650/-



शुभ्रा D/o दीपा राजेश सिंघई
राशि - 1950/-



दीप्ति पिंपलापुरे
राशि - 7650/-



रजनी बरोदिया
3500 मास्क

# कोरोना राहत - विचार संस्था

| क्र. | दिनांक | स्थान | राशन किट संख्या | सैनिटाइजिंग जल | मास्क संख्या | सब्जी थैले संख्या | कोरोना दवाई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 28/ 3/ 2020 | अहमदनगर | 10 | 200 लीटर | - | 0 | Column1 |
| 2 | 29/ 3/ 2020 | तुलसीनगर | 31 | 90 लीटर | - | - | - |
| 3 | 30/ 3/ 2020 | 4 मोहल्ले | 34 | 240 लीटर | - | - | - |
| 4 | 31/ 3/ 2020 | 9 मोहल्ले | 32 | 80 लीटर | - | - | - |
| 5 | 1/ 4/ 2020 | 6 मोहल्ले | 45 | 72 लीटर | - | - | - |
| 6 | 2/ 4/ 2020 | 14 मोहल्ले | 66 | 82 लीटर | - | - | - |
| 7 | 3/ 4/ 2020 | 8 मोहल्ले | 75 | 62 लीटर | - | - | - |
| 8 | 4/ 4/ 2020 | 8 मोहल्ले | 152 | - | - | - | - |
| 9 | 5/ 4/ 2020 | 8 मोहल्ले | 91 | 80 लीटर | 300 | - | - |
| 10 | 7/ 4/ 2020 | 10 मोहल्ले | 175 | 83 लीटर | - | - | - |
| 11 | 8/ 4/ 2020 | 12 मोहल्ले | 143 | 75 लीटर | - | - | - |
| 12 | 9/ 4/ 2020 | - | - | 70 लीटर | 40 | - | - |
| 13 | 10/ 4/ 2020 | - | - | 71 लीटर | 50 | - | - |
| 14 | 11/ 4/ 2020 | - | - | 75 लीटर | 30 | - | - |
| 15 | 12/ 4/ 2020 | पुलिस द्वारा | 47 | - | 30 | - | - |
| 16 | 13/ 4/ 2020 | विकलांग | 50 | 130 लीटर | - | - | - |
| 17 | 14/ 4/ 2020 | 10 मोहल्ले | 76 | 110 लीटर | - | - | - |
| 18 | 15/ 4/ 2020 | - | - | 108 लीटर | - | - | - |
| 19 | 16/ 4/ 2020 | - | - | 120 लीटर | - | - | - |
| 20 | 17/ 4/ 2020 | 10 मोहल्ले | 70 | 60 लीटर | - | 150 सब्जी थैले | - |
| 21 | 18/ 4/ 2020 | 4 मोहल्ले | 96 | 150 लीटर | - | 300 सब्जी थैले | - |
| 22 | 19/ 4/ 2020 | घर से वितरण | 36 | 10 लीटर | - | 200 सब्जी थैले | - |
| 23 | 20/ 4/ 2020 | घर से वितरण | - | 170 लीटर | - | | - |
| 24 | 21/ 4/ 2020 | घर से वितरण | 3 | - | - | | - |
| 25 | 22/ 4/ 2020 | 4 मोहल्ले | 33 | 75 लीटर | - | | - |
| 26 | 23/ 4/ 2020 | 12 मोहल्ले | 82 | 120 लीटर | - | | - |
| 27 | 24/ 4/ 2020 | 9 मोहल्ले | 88 | 60 लीटर | - | | - |
| 28 | 25/ 4/ 2020 | 7 मोहल्लो | 70 | 120 लीटर | - | | - |
| 29 | 26/ 4/ 2020 | - | - | 55 लीटर | - | - | - |
| 30 | 27/ 4/ 2020 | 5 मोहल्लो | 17 | 120 लीटर | 50 | - | - |
| 31 | 28/ 4/ 2020 | 5 मोहल्लो | 33 | 31 लीटर | - | - | - |
| 32 | 29/ 4/ 2020 | 8 मोहल्लो | 30 | 290 लीटर | - | - | - |
| 33 | 30/ 4/ 2020 | 11 मोहल्लो | 64 | 40 लीटर | - | - | - |
| 34 | 1/ 5/ 2020 | 8 मोहल्लो | 51 | - | - | - | - |
| 35 | 2/ 5/ 2020 | 10 मोहल्लो | 51 | - | - | - | - |

| क्र. | दिनांक | स्थान | राशन किट संख्या | सैनिटाइजिंग जल | मास्क संख्या | सब्जी थैले संख्या | कोरोना दवाई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | 3/ 5/ 2020 | 2 मोहल्लो | 30 | - | - | - | - |
| 37 | 4/ 5/ 2020 | 2 मोहल्लो | 8 | - | - | - | - |
| 38 | 5/ 5/ 2020 | 1 मोहल्लो | 1 | - | - | - | - |
| 39 | 6/ 5/ 2020 | 5 मोहल्लो | 7 | 50 लीटर | 200 | - | - |
| 40 | 7/ 5/ 2020 | 3 मोहल्लो | 7 | 90 लीटर | 300 | - | - |
| 41 | 8/ 5/ 2020 | घर से वितरण | 1 | 80 लीटर | 350 | - | - |
| 42 | 9/ 5/ 2020 | 6 मोहल्लो | 12 | 100 लीटर | 600 | - | - |
| 43 | 10/ 5/ 2020 | घर से वितरण | 1 | 105 लीटर | 450 | - | - |
| 44 | 11/ 5/ 2020 | 3 मोहल्लो | 10 | 55 लीटर | 50 | - | - |
| 45 | 12/ 5/ 2020 | 2 मोहल्लो | 9 | 22 लीटर | 65 | - | - |
| 46 | 13/ 5/ 2020 | 2 मोहल्लो | 11 | 105 लीटर | 100 | - | - |
| 47 | 14/ 5/ 2020 | 1 मोहल्ला | 4 | 30 लीटर | 50 | - | - |
| 48 | 15/ 5/ 2020 | 1 मोहल्ला | 2 | 24 लीटर | 25 | - | - |
| 49 | 16/ 5/ 2020 | 1 मोहल्ला | 1 | 60 लीटर | 150 | - | - |
| 50 | 17/ 5/ 2020 | - | - | 20 लीटर | - | - | - |
| 51 | 18/ 5/ 2020 | 4 मोहल्ला | 7 | 35 लीटर | - | - | - |
| 52 | 19/ 5/ 2020 | 2 मोहल्ला | 10 | 40 लीटर | 100 | - | - |
| 53 | 20/ 5/ 2020 | 1 मोहल्ला | 3 | 15 लीटर | 10 | - | - |
| 54 | 21/ 5/ 2020 | - | - | 40 लीटर | - | - | - |
| 55 | 22/ 5/ 2020 | 1 मोहल्ला | 5 | 80 लीटर | - | - | - |
| 56 | 23/ 5/ 2020 | 1 मोहल्ला | 10 | 80 लीटर | - | - | - |
| 57 | 24/ 5/ 2020 | 1 मोहल्ला | 2 | 105 लीटर | - | - | - |
| 58 | 25/ 5/ 2020 | - | - | 270 लीटर | - | - | - |
| 59 | 26/ 5/ 2020 | - | - | 85 लीटर | - | - | - |
| 60 | 27/ 5/ 2020 | 1 मोहल्ला | 5 | 140 लीटर | - | - | - |
| 61 | 28/ 5/ 2020 | - | - | 50 लीटर | - | - | - |
| 62 | 29/ 5/ 2020 | 1 मोहल्ला | 1 | 90 लीटर | - | - | 24 शीशी |
| 63 | 30/ 5/ 2020 | 1 मोहल्ला | 9 | 70 लीटर | 20 | - | 70 शीशी |
| 64 | 31/ 5/ 2020 | 1 मोहल्ला | 5 | 82 लीटर | - | - | 20 शीशी |
| | **कुल संख्या** | | 1902 | 4984 लीटर | 2985 | 650 सब्जी थैले | 114 शीशी |
| | **कुल दान राशि** | | 1,019,472 | 3,738,000 | - | - | - |

## राशन किट का विवरण

| क्र. | सामग्री | मात्रा | दाम |
|---|---|---|---|
| 1 | गेहूं | 10 किलो | ₹ 180.00 |
| 2 | चावल | 5 किलो | ₹ 110.00 |
| 3 | दाल | 1.5 किलो | ₹ 135.00 |
| 4 | तेल | 0.5 लीटर | ₹ 55.00 |
| 5 | नमक+मसाले | - | ₹ 20.00 |
| 6 | शक्कर | - | ₹ 36.00 |
| | **कुल मात्रा** | | ₹ 536.00 |

**जापान कि इनैजिक कंपनी का सैनिटाइजिंग जल बांटा जा रहा है।**

**इसका बाज़ार मूल्य है: ₹ 750 प्रति लीटर**

# मीडिया कवरेज

दैनिक भास्कर
09-May-2020
सागर Page 4

## कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ रवाना




सागर | कोरोना वाइरस संक्रमण से रोकथाम और नियंत्रण के लिए सागर नगर निगम कार्यालय से निगम आयुक्त आरपी अहिरवार और सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया ने कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, समय-समय पर हाथ धोने, मुंह पर मास्क और सैनिटाइजेशन आदि को लेकर लोगों को जागरूक करेगा। इस दौरान कपिल मलैया, अखिलेश समैया, आकांक्षा मलैया, सुनीता अरिहंत, राम मिश्रा, अशोक खरे, जवाहर दाऊ, बद्री, शिखा, पूजा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित विचार सेवक उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर
14-May-2020
सागर Page 4

## रथयात्रा से लोगों को कर रहे जागरूक, मास्क और सैनिटाइजर भी बांटे



सागर | विचार जागरुकता रथयात्र के माध्यम से लोगों को कोरोना से रोकथाम के उपायों के बारे में बताया जा रहा है। बुधवार को यह यात्रा एमईएस से कजलीवन मैदान, मढ़िया, विट्ठल नगर होते हुए पथरया, पगारा रोड से खुरई रोड ठाकुर बाबा , नई गल्ला मंडी होते हुए सिंधी कैंप पहुंची। शाम को कलेक्टेट से कचहरी, सर्किट हाउस होते हुए गोपालगंज श्रीराम कॉलोनी, तिली चौराहा से बंगाली काली तिराहा, तिली हॉस्पिटल से मेडिकल कॉलेज, जिला रोजगार कार्यालय, बस स्टैंड होते हुए कटरा में समापन किया गया। साथ ही सैनिटाइजर जल और मास्क का वितरण भी किया गया।

दैनिक भास्कर
20-May-2020
सागर Page 7

## फोरलेन से निकल रहे मजदूरों को खाना व अन्य जरूरी सामग्री बांट रही विचार संस्था



सागर | लॉकडाउन के दौरान बड़ी संख्या में बाहर से मजदूर लौट रहे हैं। लंबे सफर के दौरान कहीं भी इनके खाने-पीने का इंतजाम नहीं रहता है। जिस वजह से इन्हें भूखे-प्यासे रहकर सफर करना पड़ रहा है। इन प्रवासी मजदूरों के लिए विचार संस्था द्वारा गढ़पहरा फोरलेन चौराहे के पास भोजन, खिचड़ी, सत्तू और जल वितरण किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में देवेंद्र वर्मा, बद्री सेन, जवाहर दाऊ, सुनील जादूगर, वीरेंद्र लारिया, मनीलाल लारिया, सतीश, राकेश, लालू, अभिषेक, अजय आदि विचार सेवक शामिल है।

प्रदेश टुडे
सागर
शनिवार
09 मई 2020

## विचार वीडियो वेन कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



सागर। विश्व में फैली महामारी नोवल कोरोना वाइरस के संक्रमण में रोकथाम व नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले में सागर नगर निगम कार्यालय से निगम आयुक्त आरपी अहिरवार एवम सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया ने हरी झण्डी दिखा कर कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ का शुभारंभ किया। कोरोना वायरस को हराने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। कोरोना वायरस की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी को जागरूक होना पड़ेगा, तभी लड़ाई जीती जा सकती है। उक्त विचार निगम आयुक्त ने निगम कार्यलय से कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया, संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया, मुख्य सहायक एवम मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया, सचिव आकांक्षा मलैया, सुनीता अरिहंत, राम मिश्रा, अशोक खरे, राहुल अहिरवार, जवाहर दाऊ, बद्री, शिखा, पूजा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी व विचार सेवक मौजूद थे। रथ का शुभारंभ करते हुए कपिल मलैया ने कहा की कोरोना वायरस संक्रमण ऐसी बीमारी है जिसको केवल सभी की जागरूकता जैसे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, समय-समय पर हाथ धोना, मुंह पर मास्क लगाना एवं सेनेटाइजेशन आदि के माध्यम से दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मास्क एवं सैनिटाइजर का हमेशा उपयोग करना होगा और सोशल डिस्टेंसिंग बनाना होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे है रोकथाम के प्रयास सराहनीय व प्रशंसनीय है। ये प्रयास आपके स्वास्थ्य की दृष्टि से अति आवश्यक है, केवल आप लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। सभी सागरवासियों को जिला प्रशासन का साथ देकर नियमों का पालन करना चाहिये।

# मीडिया कवरेज

अतुल्य भास्कर सागर, 9 मई 2020 | पेज 3

## निगमायुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट ने हरी झण्डी दिखा कर विचार वीडियो वेन कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ किया रवाना

अतुल्य भास्कर, सागर



सागर। कोरोना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाते अधिकारी

विश्व में फैली महामारी नोवल कोरोना वाइरस के संक्रमण से रोकथाम/नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले में सागर नगर निगम कार्यालय से निगम आयुक्त आर पी अहिरवार एवम सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया ने हरी झण्डी दिखा कर कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ का शुभारंभ किया। कोरोना वायरस को हराने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। कोरोना वायरस की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी को जागरूक होना पड़ेगा, तभी लड़ाई जीती जा सकती है उक्त विचार निगम आयुक्त ने निगम कार्यलय से कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया, संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया,मुख्य सहायक एवम मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया ,सचिव आकांक्षा मलैया,सुनीता अरिहंत,राम मिश्रा,अशोक खरे, राहुल अहिरवार, जवाहर दाऊ, बद्री ,शिखा ,पूजा,सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित विचार सेवक मौजूद थे।

रथ का शुभारंभ करते हुए कपिल मलैया ने कहा की कोरोना वायरस संक्रमण ऐसी बीमारी है जिसको केवल सभी की जागरूकता जैसे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, समय-समय पर हाथ धोना, मुंह पर मास्क लगाना एवं सेनेटाइजेशन आदि के माध्यम से दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मास्क एवं सैनिटाइजर का हमेशा उपयोग करना होगा और सोशल डिस्टेंसिंग बनाना होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे रोकथाम के प्रयास सराहनीय व प्रशंसनीय है। ये प्रयास आपके स्वास्थ्य की दृष्टि से अति आवश्यक हैं, केवल आप लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया ने कहा कि सागर जिला प्रशासन की मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में भी प्रशंसा की थी। सभी सागर वासियों को जिला प्रशासन का साथ देकर कुछ दिनों के लिए शासन/प्रशासन द्वारा बनाए नियमों का पालन करना चाहिये।

मीडिया प्रभारी एवम मुख्य सहायक अखिलेश समैया ने कोरोना संक्रमण जागरूकता रथ के महत्व को बताते हुए कहा कि इस रथ से वीडियो एवम एनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जायेगा एवं इसके साथ ही जागरूक रथ जो पूरे शहर में प्रचार प्रसार करके लोगों को जागरूक करेगा। विचार संस्था सचिव आकांक्षा मलैया ने कहा कि पुलिस कर्मचारी भी इस लड़ाई में विनम्रता पूर्वक कार्य कर रहे हैं, केवल आप लोगों के सहयोग की आवश्यकता है।

देशबन्धु सागर, शुक्रवार 15 मई 2020

## श्रमिकों व राहगीरों को किया भोजन वितरण



**देशबन्धु, सागर।** विचार संस्था की पहल व सहयोग से बुधवार को बहेरिया चौराहा फोर लाइन के पास विचार सेवकों के द्वारा अपने गंतव्य पर निकल रहे श्रमिकों राहगीरों पथिकों हेतु खिचड़ी, भोजन, फल, जल वितरण आरम्भ किया। जिसमें अखिलेश समैया, देवेन्द्र वर्मा, सुनील जादूगर, वीरेन्द्र लारिया, मनीलाल लारिया, सतीश, राकेश, लालू,अभिषेक,अजय गढ़पहरा, बद्री सेन, जवाहर दाऊ सहित विचार सेवक शामिल रहे। मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया ने कहा कि यह लंगर अब नियमित लॉक डाउन के दौरान चालू रहेगा जिसमें विचार संस्था की मोहल्ला समिति से सहायक समन्वयक, पालक परिवार सहित विचार सेवक अपना योगदान देगे ।

प्रदेश टुडे सागर, शुक्रवार, 15 मई 2020

## विचार संस्था की पहल पर शुरू किया पथिकों को भोजन वितरण




**सागर।** विचार संस्था की पहल व सहयोग से गुरुवार को बहेरिया चौराहा फोर लाइन के पास विचार सेवको के द्वारा अपने गंतव्य पर निकल रहे श्रमिकों, राहगीरों, पथिकों हेतु खिचड़ी-फल-जल वितरण आरम्भ किया। जिसमें अखिलेश समैया, देवेन्द्र वर्मा, सुनील जादूगर, वीरेन्द्र लारिया, मनीलाल लारिया, सतीश, राकेश, लालू, अभिषेक, अजय गढ़पहरा, बद्री सेन, जवाहर दाऊ सहित विचार सेवक शामिल रहे। मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया ने कहा कि यह लंगर अब नियमित लॉक डाउन के दौरान चालू रहेगा। जिसमें विचार संस्था की मोहल्ला समिति से सहायक समन्वयक, पालक परिवार सहित विचार सेवक अपना योगदान देंगे।

2 सागर, शनिवार 9 मई 2020 देशबन्धु

## निगमायुक्त व सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया ने दिखाई जागरूकता रथ को हरी झण्डी



### ▶ विचार वीडियो वेन कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ किया रवाना

**सागर, देशबन्धु।** विश्व में फैली महामारी नोवल कोरोना वाइरस के संक्रमण से रोकथाम/नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले में सागर नगर निगम कार्यालय से निगम आयुक्त आर पी अहिरवार एवम सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया ने हरी झण्डी दिखा कर कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ का शुभारंभ किया। कोरोना वायरस को हराने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। कोरोना वायरस की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी को जागरूक होना पड़ेगा, तभी लड़ाई जीती जा सकती है। उक्त विचार निगम आयुक्त ने निगम कार्यलय से कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया, संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया, मुख्य सहायक एवम मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया, सचिव आकांक्षा मलैया, सुनीता अरिहंत, राम मिश्रा,अशोक खरे, राहुल अहिरवार, जवाहर दाऊ, बद्री, शिखा, पूजा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित विचार सेवक मौजूद थे। रथ का शुभारंभ करते हुए कपिल मलैया ने कहा की कोरोना वायरस संक्रमण ऐसी बीमारी है। जिसको केवल सभी की जागरूकता जैसे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, समय-समय पर हाथ धोना, मुंह पर मास्क लगाना एवं सेनेटाइजेशन आदि के माध्यम से दूर किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मास्क एवं सैनिटाइजर का हमेशा उपयोग करना होगा और सोशल डिस्टेंसिंग बनाना होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे रोकथाम के प्रयास सराहनीय व प्रशंसनीय है। ये प्रयास आपके स्वास्थ्य की दृष्टि से अति आवश्यक हैं। केवल आप लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया ने कहा कि सागर जिला प्रशासन की मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में भी प्रशंसा की थी। सभी सागर वासियों को जिला प्रशासन का साथ देकर कुछ दिनों के लिए शासन/प्रशासन द्वारा बनाए नियमों का पालन करना चाहिये। वहीं मीडिया प्रभारी एवम मुख्य सहायक अखिलेश समैया ने कोरोना संक्रमण जागरूकता रथ के महत्व को बताते हुए कहा कि इस रथ से वीडियो एवम एनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जायेगा एवं इसके साथ ही जागरूक रथ जो पूरे शहर में प्रचार प्रसार करके लोगों को जागरूक करेगा। विचार संस्था सचिव आकांक्षा मलैया ने कहा कि पुलिस कर्मचारी भी इस लड़ाई में विनम्रता पूर्वक कार्य कर रहे हैं, केवल आप लोगों के सहयोग की आवश्यकता है।

# मीडिया कवरेज

स्वदेश ज्योति सागर, शनिवार 9 मई 2020

### नगर निगम कार्यालय से नगर निगम आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट ने हरी झण्डी दिखा कर

## विचार वीडियो वेन कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ किया रवाना

स्वदेश ज्योति संवाददाता, सागर



विश्व में फैली महामारी नोवल कोरोना वाइरस कोविड-19)के संक्रमण से रोकथाम/नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले में सागर नगर निगम कार्यालय से निगम आयुक्त आर पी अहिरवार एवम सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया ने हरी झण्डी दिखा कर कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ का शुभारंभ किया। कोरोना वायरस को हराने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। कोरोना वायरस की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी को जागरूक होना पड़ेगा, तभी लड़ाई जीती जा सकती है उक्त विचार निगम आयुक्त ने निगम कार्यालय से कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया, संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया,मुख्य सहायक एवम मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया, सचिव आकांक्षा मलैया, सुनीता अरिहंत,राम मिश्रा, अशोक खरे, राहुल अहिरवार, जवाहर दाऊ, बद्री,शिखा, पूजा, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित विचार सेवक मौजूद थे। रथ का शुभारंभ करते हुए कपिल मलैया ने कहा की कोरोना वायरस संक्रमण ऐसी बीमारी है जिसको केवल सभी की जागरूकता जैसे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, समय-समय पर हाथ धोना, मुंह पर मास्क लगाना एवं सेनेटाइजेशन आदि के माध्यम से दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मास्क एवं सैनिटाइजर का हमेशा उपयोग करना होगा और सोशल डिस्टेंसिंग बनाना होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे रोकथाम के प्रयास सराहनीय व प्रशंसनीय है। ये प्रयास आपके स्वास्थ्य की दृष्टि से अति आवश्यक हैं, केवल आप लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया ने कहा कि सागर जिला प्रशासन की मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में भी प्रशंसा की थी। सभी सागर वासियों को जिला प्रशासन का साथ देकर कुछ दिनों के लिए शासन/प्रशासन द्वारा बनाए नियमों का पालन करना चाहिये। मीडिया प्रभारी एवम मुख्य सहायक अखिलेश समैया ने कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ के महत्व को बताते हुए कहा कि इस रथ से वीडियो एवम एनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जायेगा एवं इसके साथ ही जागरूक रथ जो पूरे शहर में प्रचार प्रसार करके लोगों को जागरूक करेगा।

राज एक्सप्रेस सागर 9 मई, 2020

## नगर निगम आयुक्त , सिटी मजिस्ट्रेटने हरी झण्डी दिखा कर विचार वीडियो वेन कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ को किया रवाना



**सागर** ।विश्व में फैली महामारी नोवल कोरोना वाइरस के संक्रमण से रोकथाम नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले में सागर नगर निगम कार्यालय से निगम आयुक्त आर पी अहिरवार एवम सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया ने हरी झण्डी दिखा कर कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ का शुभारंभ किया। कोरोना वायरस को हराने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। कोरोना वायरस की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी को जागरूक होना पडेगा तभी लड़ाई जीती जा सकती है उक्त विचार निगम आयुक्त ने निगम कार्यलय से कोरोना संक्रमण जागरुकता रथ का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारियाए संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया,मुख्य सहायक एवं मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया ,सचिव आकांक्षा मलैया,सुनीता अरिहंत,राम मिश्रा,अशोक खरे, राहुल अहिरवार, जवाहर दाऊ, बद्री ,शिखा,पूजा,सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित विचार सेवक मौजूद थे। रथ का शुभारंभ करते हुए कपिल मलैया ने कहा की कोरोना वायरस संक्रमण ऐसी बीमारी है जिसको केवल सभी की जागरूकता जैसे सोशल डिस्टेंसिंग का पालनए समय.समय पर हाथ धोना मुंह पर मास्क लगाना एवं सेनेटाइजेशन आदि के माध्यम से दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मास्क एवं सैनिटाइजर का हमेशा उपयोग करना होगा और सोशल डिस्टेंसिंग बनाना होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे रोकथाम के प्रयास सराहनीय व प्रशंसनीय है। ये प्रयास आपके स्वास्थ्य की दृष्टि से अति आवश्यक हैंए केवल आप लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया ने कहा कि सागर जिला प्रशासन की मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में भी प्रशंसा की थी।

## जागरूकता हेतु वीडियो रथ किया रवाना

सागर, आचरण संवाददाता।



विश्व में फैली महामारी नोवल कोरोना वाइरस के संक्रमण से रोकथाम/ नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले में सागर नगर निगम कार्यालय से निगम आयुक्त आरपी अहिरवार एवम सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया ने हरी झण्डी दिखा कर कोरोना संक्रमण जागरूकता रथ का शुभारंभ किया। कोरोना वायरस को हराने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। कोरोना वायरस की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी को जागरूक होना पड़ेगा, तभी लड़ाई जीती जा सकती है उक्त विचार निगम आयुक्त ने निगम कार्यालय से कोरोना संक्रमण जागरूकता रथ का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया, संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया,मुख्य सहायक एवम मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया, सचिव आकांक्षा मलैया, सुनीता अरिहंत, राम मिश्रा, अशोक खरे, राहुल अहिरवार, जवाहर दाऊ, बद्री, शिखा, पूजा, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित विचार सेवक मौजूद थे।

रथ का शुभारंभ करते हुए कपिल मलैया ने कहा की कोरोना वायरस संक्रमण ऐसी बीमारी है जिसको केवल सभी की जागरूकता जैसे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, समय-समय पर हाथ धोना, मुंह पर मास्क लगाना एवं सैनेटाइजेशन आदि के माध्यम से दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मास्क एवं सैनेटाइजर का हमेशा उपयोग करना होगा और सोशल डिस्टेंसिंग बनाना होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे रोकथाम के प्रयास सराहनीय व प्रशंसनीय है। ये प्रयास आपके स्वास्थ्य की दृष्टि से अति आवश्यक है, केवल आप लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। सिटी मजिस्ट्रेट पवन बारिया ने कहा कि सागर जिला प्रशासन की मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में भी प्रशंसा की थी। सभी सागरवासियों को जिला प्रशासन का साथ देकर कुछ दिनों के लिए शासन/प्रशासन द्वारा बनाए नियमों का पालन करना चाहिये।

मीडिया प्रभारी एवम मुख्य सहायक अखिलेश समैया ने कोरोना संक्रमण जागरूकता रथ के महत्व को बताते हुए कहा कि इस रथ से वीडियो एवम एनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा एवं इसके साथ ही जागरूक रथ जो पूरे शहर में प्रचार प्रसार करके लोगों को जागरूक करेगा।

विचार संस्था सचिव आकांक्षा मलैया ने कहा कि पुलिस कर्मचारी भी इस लड़ाई में विनम्रतापूर्वक कार्य कर रहे हैं, केवल आप लोगों के सहयोग की आवश्यकता है।

राज एक्सप्रेस सागर बुधवार, 20 मई, 2020

## विचार संस्था ने भोजन-फल सहित खिचड़ी का किया वितरण



**सागर।** विचार संस्था की पहल व सहयोग से गुरूवार को बहेरिया चौराहा फोर लाइन के पास विचार सेवकों के द्वारा अपने गंतव्य पर निकल रहे श्रमिकों ध्राहगीरों ध्पथिकों हेतु खिचडी भोजनफ ल जल वितरण आरम्भ किया जिसमे अखिलेश समैया देवेन्द्र वमा, सुनील जादूगर, वीरेन्द्र लारिया सहित विचार सेवक शामिल रहे मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया ने कहा कि यह लंगर अब नियमित लॉक डाउन के दौरान चालू रहेगाण्जिसमे विचार संस्था की

# हम सब मिलकर कोरोना से लड़ेंगे

# निवेदन




इस समय कोई भी सामाजिक संस्था जनहित के जो भी कार्य करे उसमें सर्वप्रथम अपने मोहल्ले वासियों और आसपास नजर आने वाले वो लोग जो आपसे मदद की उम्मीद रखते हैं, उनकी हर संभव मदद करें। आवश्यकता अनुसार मददगीरों की मदद करें। सभी को जागरूक करें कि अपने घरों से ना निकले। बहुत आवश्यक होने पर ही बाहर निकलें। आपके आसपास अगर कोई ऐसा परिवार है जिसे पैसों के कारण खाने पीने की कमी हो उसे मोहल्ले वाले मिलकर सहयोग करें। याद रखें ऐसें लोगों के लिए आप भगवान का रूप होंगे और यही सबसे बड़ी धर्म आराधना होगी। विचार संस्था से जो भी सहयोग की अपेक्षा हो जरूर बताइए।

**कपिल मलैया**
**संस्थापक अध्यक्ष, विचार संस्था**

आपसे निवेदन है की अधिक से अधिक मात्रा में दान देकर इस मुहिम को आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

दान राशि बैंक खाते में डालने हेतु जानकारी इस प्रकार है।

Bank a/c name- VicharSamiti
Bank- State Bank of India
Account No.- 37941791894
IFSC code- SBIN0000475
Paytm/ Phonepe/ Googlepay/ upi
आदि दान करने के लिए नीचे दिए गए
QR कोड को स्कैन करें.




नगद दान देने हेतु या फिर दान सामग्री देने हेतु इस नंबर पर संपर्क करें - +91 98938 00638

निवेदन है कि विचार संस्था सभी दानदाताओं के नाम व तस्वीर विचार मासिक पत्रिका में प्रकाशित कर रही है। इसलिए कृपया कर दान करने के पश्चात अपना नाम, फ़ोटो व फ़ोन नंबर इस नंबर पर वॉट्सऐप करें - 9165422888

# ॥विचार संस्था॥

(स्थापना वर्ष 2003)

विचार की दैनिक रिपोर्ट व गतिविधियों की जानकारी के लिए देखें हमारा फेसबुक पेज :

@vicharsanstha

व्हाट्सएप पर जानकारी पाने के लिए इस नंबर को सेव करें व इस पर अपना नाम लिखकर व्हाट्सएप मैसेज करें : +91 9575737475

हमारे सागर सुधार - सागर विकास अभियान से जुड़ने के लिए संपर्क करें :

नितिन पटैरिया : +91 9009780042

विचार की अन्य गतिविधियों से जुड़ने के लिए संपर्क करें :

आकांक्षा मलैया : +91 9165422888